# चतुर चुनमुनी

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- चित्र पर बातचीत।
- चित्र में और चीज़ें बनाना जैसे और पेड़, पेड़ पर बन्दर या आम पानी में और मछलियाँ आदि।
- चित्र पूरा करना अंक के बिन्दु जोड़कर-1-10 तक।
- चित्रों के नाम लिखना, (चित्र कार्ड से मदद् ले सकते हैं।)
- कहानी पढ़ना- बच्चे उंगली रखकर पढ़ें।
- कहानी आगे बढ़ाना - चुनमुनी बत्तख से कैसे बची?
- मोटे अक्षरों में लिखे शब्दों को पहचानना जैसे शंख, गल, बत्तख आदि।
- कहानी पढ़ने की कोशिश करना - शिक्षक प्रोत्साहित करें।
- च पर गोला लगाना।
- अब तक आए शब्दों व अक्षरों को **जोड़कर छोटी** कहानी कविता पढ़ना जैसे

एक था खरगोश। बहुत ही नटखट नाम था उसका चुटकी।चुटकी खेत में घुस जाता। गाजर मूली खाता। एक बार चुटकी गंगाराम के खेत में घुस गया। गंगाराम ने चुटकी को खूब पीटा। पट-पट पट-पट पट।
या खटखट वाली कविता-कविता संग्रह से।...

- ु की मात्रा का अभ्यास खुश, दुनिया, तुम कुछ जैसे शब्द बनाना...- पृष्ठ 39, 57 जैसे और अभ्यास


***नोट - पढ़ने व लिखने के अभ्यास के लिये।***

***- किसी मोड़ पर छोड़ी गई कहानी पूरी करने के लिये सोच विकसित करना।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

# चतुर चुनमुनी



एक थी **मछली**। बहुत चंचल, बहुत चालाक। उसका नाम था **चुनमुनी**।

चुनमुनी दूसरी मछलियों से बहुत बड़ी थी। लेकिन छोटी मछलियों से उसकी खूब दोस्ती थी।

एक दिन सुबह **चुनमुनी** घूमने जा रही थी। तभी एक बड़ी सी **बत्तख** उसके पीछे पड़ गई। बत्तख ने अपनी चोंच खोलकर **चुनमुनी** को पकड़ने की कोशिश की।

**चुनमुनी** भागी। भागते-भागते वह एक **शंख** के पास पहुँची। वहाँ एक **गल** टंगा हुआ था। एक **लड़के** ने छोटी मछलियों को पकड़ने के लिए **गल** टांगा था।

इधर **चुनमुनी** को **बत्तख** से बचना था। और उधर छोटी मछलियों को भी बचाना था। **चुनमुनी** ने झट से **शंख** को **गल** में फंसा दिया।

**लड़के** ने सोचा कि **मछली** पकड़ में आ गई है। उसने जैसे ही **गल** को खींचा, वह **शंख** के भार से टूट गया।

पर **चुनमुनी** पर अभी भी आफत थी। क्योंकि **बत्तख** उसके पीछे पड़ी हुई थी। अब सोचो, **चुनमुनी** **बत्तख** से कैसे बची होगी?

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# बोलो भई कितने..?

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियां भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- चित्रोंपर कहानी /चर्चा।
- चित्रों में दी गई चीज़ें गिनना- उपयुक्त अंक कार्ड ढूंढना।
- किसमें गेंद ज़्यादा है? किसमें चूहे कम हैं? कितने ज़्यादा कितने कम?
- केले ज़्यादा है या पेड़? खाली डिब्बे की ओर इंगित करके इसमें कितने सेब हैं। आम से कितने ज़्यादा?
- दोनों समूहों में बराबर करने के लिये कितने चाहिए।
- नीचे तीन-तीन डिब्बे हैं? सबसे अधिक किसमें? सबसे कम किसमें? तीनों को किसी संख्या 5,7,8 के बराबर करने के लिये कितने जोड़ने या घटाने पड़ेंगे?
- बोलो भाई कितने खेल खेलना।
- अंक कार्ड क्रम में जमाना
- ठोस वस्तुओं की ढेरियों को क्रम में जमाना

***नोट - अधिक-कम वस्तुओं को क्रम में जमाने का अभ्यास।***
***- बड़ी छोटी संख्याओं को क्रम में जमाना जिनमें अन्तर एक से अधिक हो।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |


आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)


______________________________
______________________________
______________________________

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

______________________________
______________________________
______________________________

# बोलो भई कितने...?





# पृष्ठ 47

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएं। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डो का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- चित्र पर चर्चा क्या क्या है कहानी आदि - एक लड़की जब जंगल में गुम गई... तो उसे ... मिले परी, जिन आदि भी हो सकते हैं।
- रास्ता ढूंढना। सीधे हाथ की खाली जगह से जंगल में आना। घर तक सही रास्ते से पहुंचना। शेर किस रास्ते पर मिलेगा? बिच्छू किस रास्ते पर? आदि।
- रास्ते पर पेंसिल सही चलाना ताकि दोनों तरफ न लगे।
- ऐसी और भूल भुलैया बनाना।

*नोट - जगह की समझ पर आधारित*
*- मौखिक अभिव्यक्ति से जोड़ें*

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?